Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 328 ▫ रायपुर, रविवार 22 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# ट्रक के पीछे जा घुसी कार, दुग्ध वाहन ने मॉर्निंग वाक पर निकले 2 बुजुर्गों को रौंदा, 3 की मौत

## बीती रात्रि भखारा कोलियारी मोड़ के पास व आज सुबह पेरपार व पेंडरवानी के बीच हुआ दर्दनाक हादसा





**धमतरी,** 22 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बीच दो सड़क हादसे में तीन लोगो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना बीते रात की है, जहां ट्रक क्रमांक सीजी 13 एजी 7236 रायपुर से भखारा की तरफआ रही थी, वहीं उसके पीछे इंडिका कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 4953 भी आ रही थी, तभी भखारा घुसते ही कोलियारी मोड़ के पास ट्रक के पीछे कार घुस गई,हादसा इतना भयानक था कि ट्रक के नीचे कार का बड़ा हिस्सा घुस गया, जिसमें कार सवार दो लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए। घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घायल दोनों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, मृतकों में ग्राम बोरझरा निवासी धनराज साहू 22 वर्ष पिता रेवत राम साहू और दूसरा लिकेश उर्फ लक्की 17 वर्ष पिता डमेश साहू है,लक्की कक्षा दसवीं का छात्र था, परिजनों ने बताया कि दोनों नया रायपुर ऊपरवारा रिश्तेदार के घर गए थे,जहां से वह वापस लौट रहे थे। इस संबंध में भखारा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि ट्रक और कार दोनों एक ही तरफ से भखारा की ओर आ रहे थे,तभी कोलियरी मोड़ के पास यह आशंका है कि सामने ब्रेकर में ट्रक ने वाहन को धीमी किया और इसी दौरान कार उसमें जा घुसी,कार सवार दोनों घायलों को निकाला गया, गंभीर अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया,जहां पर उनकी मौत हो गई,आगे की कार्यवाही की जा रही है।






इसी प्रकार आज सुबह मॉर्निवाक पर निकले दो ग्रामीणों को दुध वाहन ने कुचल दिया। जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। बता दे कि ग्राम पेरपार निवासी उदयराम पटेल 60 वर्ष और राजकुमार पटेल 55 वर्ष रोज की तरह मॉर्निंगवाक पर निकले थे। तब पुरुर की ओर से आ रही दुध वाहन सीजी 07 सीई 6065 ने पेरपार और पेण्डरवानी के पास दोनो को कुचल दिया। जिससे उदय राम पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजकुमार पटेल गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। घटना के बाद ड्रायवर मौके से फरार हो गया। जबकि कंडक्टर गाड़ी में ही सोया हुआ था। हादसे के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश नजर आया।

# चुनाव नियमों में सरकार ने किया बदलाव

## इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 22 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्र ने सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में संशोधन किया है। इस कदम की कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की है। जयराम रमेश ने कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया की तेजी से ख़त्म हो रही अखंडता के दावे की पुष्टि है। चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक जांच के लिए खुले दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया। चुनाव संचालन नियमों के पहले नियम 93(2)(ए) में कहा गया था कि चुनाव से संबंधित अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे।

नियम का संशोधित संस्करण कहता है चुनाव से संबंधित इन नियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे। कानून मंत्रालय और चुनाव अधिकारियों ने कहा कि एक अदालती मामले ने सरकार को नियमों में संशोधन करने के लिए प्रेरित किया। ऐसे मामले सामने आए हैं जहां नियमों का हवाला देकर ऐसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मांगे गए हैं। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि संशोधन यह सुनिश्चित करता है कि केवल नियमों में उल्लिखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं, और कोई भी अन्य दस्तावेज जिसमें नियमों का कोई संदर्भ नहीं है, उसे सार्वजनिक निरीक्षण की अनुमति नहीं है।

# गरीबों की गरिमा और सम्मान मेरे लिए सबसे अहम : मोदी



**नई दिल्ली,** 22 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया, जहां उन्होंने कुवैत में काम कर रहे भारतीय कामगारों से मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रधानमंत्री ने देश के विकास में भारतीय कामगारों के योगदान का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2047 में भारत को विकसित बनाने में भारतीय कामगारों की अहम भूमिका रहेगी।

प्रधानमंत्री ने भारतीय कामगारों के साथ बातचीत में कहा कि %जब मैं साल 2047 में विकसित भारत की बात करता हूं तो मैं ये इसलिए करता हूं क्योंकि अपने घर से इतनी दूर काम कर रहे भारत के मेरे मजदूर भाई भी ये सोचते हैं कि कैसे उनके गांव में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन सकता है। ये महत्वकांक्षा ही मेरे देश की ताकत है।% प्रधानमंत्री ने कहा कि %मैं लगातार इस बारे में सोचता रहता हूं कि मेरे देश के किसान, मजदूर कितनी कड़ी मेहनत करते हैं। जब मैं लोगों को कड़ी मेहनत करते देखता हूं तो मुझे लगता है कि अगर वे 10 घंटे काम कर सकते हैं तो मुझे भी 11 घंटे काम करना चाहिए। अगर वे 11 घंटे काम करते हैं तो मुझे भी 12 घंटे काम करना चाहिए। आप अपने परिवार के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, मैं भी परिवार के लिए मेहनत करता हूं। 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं, इसलिए मुझे थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2100 रुपए, कल से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली,** 22 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (क्क) ने महिलाओं और बुजुर्गों के लिए दो बड़ी योजनाओं का ऐलान किया है। पार्टी ने महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज देने का वादा किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की। सोमवार से दिल्ली के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए किसी को भी लंबी लाइनों में खड़ा होने की आवश्यकता नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता, मंत्री और कार्यकर्ता दिल्ली के विभिन्न इलाकों में घर-घर जाएंगे और वहां रहने वाली महिलाओं और बुजुर्गों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। रजिस्ट्रेशन के बाद, उन्हें एक स्मार्ट कार्ड या गारंटी कार्ड दिया जाएगा। यह कार्ड उन्हें योजना के तहत लाभ प्राप्त करने की गारंटी देगा। केजरीवाल ने यह भी कहा कि महिलाओं और बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन के दौरान अपना वोटर कार्ड साथ रखना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में बड़ी संख्या में वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं। केजरीवाल ने यह आश्वासन भी दिया कि जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, अगर उनके पास वोटर कार्ड है और वे अपनी जगह पर रहते हैं, तो आम आदमी पार्टी उनके नाम को फिर से वोटर लिस्ट में शामिल करवाएगी।

# आंधी-तूफान और बारिश से 9 राज्यों में असर, 12 राज्यों में शीतलहर-कोहरे का अलर्ट

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। नेशनल डेस्क। देशभर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कहीं माइनस में तापमान गिर गया है तो कहीं शीतलहर से लोग कांप रहे हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में हाल ही में लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुआ जिससे नेशनल हाईवे ब्लॉक हो गया। जम्मू-कश्मीर में 40 दिन वाली सर्दी का दौर चिल्लई कलां शुरू हो चुका है। श्रीनगर में इस बार तापमान -8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो पिछले 133 साल में तीसरी बार हुआ है। उत्तर भारत शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में है जबकि दक्षिण भारत में बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

भारतीय मौसम विभाग (द्धरूष्ठ) ने आगामी मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 28 दिसंबर तक मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा जिससे मौसम का मिजाज बदल जाएगा। 27 से 31 दिसंबर के बीच पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इसके चलते पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो सकती है और मैदानी इलाकों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अनुमान है जिससे ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम मध्य और दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया सक्रिय था जो अब कमजोर होकर आगे बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव से तटीय आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भी हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है।

# मुख्य डाक घर में हुई चोरी के मामले में 2 अंतर्राज्यीय चोर हुए गिरफ्तार



इलेक्ट्रानिक कटर मशीन, चोरी का मोबाईल एवं नगदी डेढ़ लाख बरामद

**धमतरी,** 22 दिसंबर। 06-07 दिसंबर को प्रार्थी जनक राम ध्रुव पिता स्व0 मिलू राम ध्रुव पोस्ट मास्टर मुख्य डाकघर धमतरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुख्य डाकघर के पीछे टायलेट रूम का खिड़की तोडकर ट्रेजरी रूम का ताला तोडकर, अन्दर प्रवेश कर लॉकर में रखे नगदी रकम 6,68,103/- रूपये, एक नग सैमसंग गैलेक्सी मोबाईल कीमती 17605/- रूपये जुमला कीमती 6,85,640/- रूपये को चोरी करने की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना सिटीकोतवाली धमतरी में अप0 क्र0473/2024 धारा 305, 331 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियो की पतासाजी करने सायबर सेल तकनीकी एवं थाना सिटी कोतवाली धमतरी को आरोपियों को पकड़ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चन्द्रा, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा पवार के मार्गदर्शन में सायबर सेल तकनीकी एवं सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा आरोपी पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अध्ययन कर, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मूखबीर लगाकर पतासाजी किया जा रहा था।

दिनांक 21.12.2024 को मूखबीर की सूचना पर संदेही आरोपी आसिफ रजा, सूरज यादव भगने की फिराक में था जिसे रेल्वे स्टेशन रायपुर के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

जिनसे बारीकी से पूछताछ किया गया जो मुख्य डाकघर धमतरी में चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से चोरी की नगदी रकम 150000/- रूपये एवं चोरी में प्रयुक्त आलाजरा बरामद किया गया तथा अपने दोस्तो के खातो में ट्रांसफर किये गये रूपयों के संबंध में होल्ड लगाकर कार्यवाही की जा रही है एवं बचे हुये कुछ पैसे को रहने एवं खाने पीने में खर्च हो जाना बताये। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। आरोपीगण में आसिफ रजा पिता रहवर अब्बास उम्र 23 साल साकिन शाहपुर सिरपुरा थाना असमोली जिला सम्बल उत्तर प्रदेश, सूरज यादव पिता राजेन्द्रप्रसाद यादव उम्र 25 साल साकिन ग्राम चिताव दुर्गा नगर थाना पंवारा पोस्ट भटेवरा तहसील मछलीशहर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश शामिल हैं। उक्त आरोपी को पकड़ने मे सायबर सेल तकनीकी प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धमतरी निरीक्षक राजेश मरई, सउनि.हेमन्त ध्रुव, सायबर सेल तकनीकी प्रआर. लोकेश नेताम आर. कमल जोशी, योगेश नाग, आनंद कटकवार, कृष्ण कन्हैया पाटिल, विकास द्विवेदी, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, फनेश साहू, देवेन्द्र साहू, गोपाल चन्द्राकर, किशोर देशमुख की सराहनीय भूमिका रही।

## बिरादरी की बातें

**चूहा- सुनती हो, अरविंद केजरीवाल महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान कर दिए हैं।**

**चुहिया- हां जी, इतनी जल्दबाजी क्या थी अब तो भाजपा 2500 रुपए देने का ऐलान करेगी।**

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए महापौर एवं अध्यक्ष के आरक्षण में हो रही देरी

## समय पर नहीं हो पाएंगे चुनाव, जनवरी से प्रशासक के हाथ में चली जाएगी कमान

**रायपुर,** 22 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नगरीय निकाय चुनाव के लिए पूरे प्रदेश में वार्डों का आरक्षण हो चुका है लेकिन अभी तक महापौर एवं अध्यक्ष पद को लेकर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है जिसके चलते कहीं ना कहीं समय में चुनाव पूर्ण नहीं हो पाएंगे जबकि अधिकांश नगरीय निकायों में जनवरी से निकाय की कमान प्रशासक के हाथ में चली जाएगी आरक्षण में देरी होने के चलते प्रमुख दावेदार कहीं ना कहीं परेशान नजर आ रहे हैं उनके तैयारी पर भी आरक्षण में देरी का असर पड़ सकता है वहीं दूसरी तरफ मार्च से बोर्ड परीक्षाओं का क्रम शुरू हो जाएगा ऐसे में चुनाव फरवरी में ही पूर्ण करना होगा.

आपको बता दे कि इस बार नगरीय निकाय के चुनाव समय पर पूर्ण नहीं हो पाएंगे नगरीय निकाय के चुनाव नवंबर दिसंबर में पूर्ण होने थे लेकिन अभी तक सिर्फ वार्ड के आरक्षण ही किए जा सके हैं जबकि महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है ऐसे में चुनाव समय में हो पाना संभव नजर नहीं आता जनवरी में विभिन्न नगरीय निकायों के कार्यकाल पूर्ण हो रहे हैं ऐसे में इन निकायों की कमान अब प्रशासक के हाथ में चली जाएगी प्रशासक के हाथ में कमान जाने के बाद सभी महत्वपूर्ण निर्णय उनके द्वारा ही लिए जाएंगे परिषद का औचित्य खत्म हो जाएगा महापौर एवं अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण में देरी होने के चलते कहीं न कहीं दावेदार विचलित नजर आ रहे हैं आरक्षण में देरी के कारण उनके चुनाव पर असर देखा जा सकता है उन्हें जहां कैंपेनिंग के लिए कम समय मिलेगा वहीं अपनी दावेदारी भी मजबूत करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा प्रदेश में मार्च के महीने में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगे ऐसे में नगरीय निकाय के चुनाव फरवरी में ही पूर्ण कराने होंगे महापौर एवं अध्यक्ष पद के आरक्षण के लिए अभी तक कोई सूचना जारी नहीं की गई है दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाने की उम्मीद नजर आ रही है यदि फरवरी में चुनाव संपन्न करना है तो दिसंबर के अंतिम तक आदर्श आचार संहिता प्रभावशील करना होगा इसके लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा दिसंबर में ही करनी होगी निर्वाचन आयोग के द्वारा जिस तरह से कछुए की चाल में कार्य किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव समय पर संपन्न हो पाना मुश्किल है महापौर व अध्यक्ष पद के लिए अभी आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और चुनाव के दरमियान उपयोग होने वाले सिंबॉल की सूची जारी कर दी गई है जबकि सबसे पहले महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए इसके बाद ही आगे की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहनी चाहिए.




### प्रमुख दावेदार आरक्षण नहीं होने से दिख रहे परेशान

### पंचायत चुनाव में देरी होने की संभावना

इस बार पंचायत चुनाव में निश्चित तौर पर देरी होने की संभावना नजर आती है प्रदेश के अधिकांश पंचायत का कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है ऐसे में जनवरी में चुनाव हो जाने थे लेकिन चुनाव में इस बार देरी होने की संभावना साफ तौर पर नजर आती है मार्च में बोर्ड की परीक्षाए होनी हैं ऐसे में अप्रैल में पंचायत के चुनाव होने की संभावना नजर आती है वही फरवरी मे जनपद, जिला एवं पंचायत की कमान भी प्रशासक के हाथ में चली जाएगी दोनों ही चुनाव में निश्चित तौर पर इस बार देरी होना तय है पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई थी लेकिन अचानक आनन-फानन में कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा.

### दोनों चुनाव एक साथ होने की संभावना कम

नगरीय निकाय में वार्डों की आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है लेकिन पंचायत चुनाव के लिए अभी पंच सरपंच से लेकर किसी भी पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है ऐसे में दोनों ही चुनाव एक साथ होने की संभावना कम नजर आती है वैसे भी छत्तीसगढ़ प्रदेश में यदि दोनों चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो चरण बद्ध तरीके से चुनाव कराने होंगे छत्तीसगढ़ में विभिन्न क्षेत्र ऐसे हैं जो नक्सलवाद से प्रभावित हैं ऐसे में दोनों ही चुनाव एक साथ कराया जाना संभव नहीं है ऊपर से कर्मचारियों की कमी भी साफ तौर पर नजर आती है जिससे कहीं ना कहीं चुनाव प्रभावित हो सकता है अभी जिस तरह के हालात बने हुए हैं ऐसा प्रतीत होता है की नगरीय निकाय एवं पंचायत के चुनाव दोनों ही अलग-अलग होंगे दोनों के लिए अलग-अलग चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा आने वाले समय में जारी हो सकती है.